पत्रांक–10 / न्याय–05–(शेखपुरा)–15 / 2015सा0प्र0 5293 /

वित्त विभाग द्वारा
अनौपचारिक रूप से
परामर्शित

# बिहार सरकार,
## सामान्य प्रशासन विभाग।

प्रेषक,

राजेन्द्र राम,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**सभी विभाग,**
**सभी जिला पदाधिकारी,**
**बिहार।**

पटना–15 दिनांक– 3.5. / 2017

विषयः– **बिहार क्षेत्रीय कार्यालय एवं समाहरणालय आशुलिपिक / आशुटंकक संवर्ग के विभिन्न पदों की स्वीकृति ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3011 दिनांक–20.03.2012 तथा संकल्प संख्या–7549 दिनांक–22.09.2016 के द्वारा आशुलिपिक / आशुटंकक संवर्ग में निम्नांकित स्तर के पदों एवं वेतनमान की स्वीकृति दी गयी है :–

| क्र0 | कोटि | स्तर | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| | आशुलिपिक ग्रेड III<br>आशुटंकक III | मूल कोटि | पी0बी0–1+ग्रेड पे 2400<br>(वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3011 दिनांक– 20.03.2012 के क्रम में.) |
| | आशुलिपिक, ग्रेड II<br>आशुटंकक II | प्रोन्नति का प्रथम स्तर | पी0बी0–2+ग्रेड पे 4200<br>(वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3011 दिनांक– 20.03.2012 के क्रम में ) |
| | वरीय आशुलिपिक, ग्रेड I<br>आशुटंकक I | प्रोन्नति का द्वितीय स्तर | पी0बी0–2+ग्रेड पे 4600<br>(वित्त विभागीय संकल्प संख्या–3011 दिनांक– 20.03.2012 के क्रम में ) |
| | प्रधान आशुलिपिक<br>प्रधान आशुटंकक | प्रोन्नति का तृतीय स्तर | पी0बी0–2+ग्रेड पे 4800<br>(वित्त विभागीय संकल्प संख्या–7549 दिनांक– 22.09.2016 के क्रम में ) |

उक्त क्रम में प्रत्येक जिला में स्वीकृत पदों के अन्तर्गत इस संवर्ग के मूल कोटि एवं प्रोन्नति के पदों का निर्धारण 40 : 30 : 20 : 10 के अनुपात में रहेगा। यह प्रावधान प्रत्येक जिला में बिहार क्षेत्रीय कार्यालय एवं समाहरणालय आशुलिपिक / आशुटंकक संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2015 के अधिसूचित होने की तिथि 11.06.2015 के प्रभाव से लागू होगा।

विश्वासभाजन

28/4/17

(राजेन्द्र राम)
सरकार के अपर सचिव।